अंडर ग्राउंड मेट्रो में ताजा हवा

टनल में लगेगी वेंटिलेशन पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली

कार्यालय संवाददाता

मुंबई, अंडरग्राउंड मेट्रो में ताजा हवा मिलने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेट्रो ने अहम कदम उठाए हैं . यात्रियों को ताजा हवा मिलने के लिए मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसीएल)ने कुलाबा से बांद्रा- सीप्ज तक बनने वाली मेट्रो में टनल वेंटिलेशन और पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली का ठेका ब्लू स्टार कंपनी को दिया है. अंतरराष्ट्रीय निविदा प्रणाली के तहत इस कंपनी का चयन किया गया है. एमएमआरसीएल मेट्रो -3 की प्रबंध निदेशक अश्विन भिड़े ने बताया कि ब्लू स्टार लिमिटेड समूह मेट्रो-3 के बीकेसी से मुंबई सेंट्रल के बीच बनाए जा रहे टनल के वेंटिलेशन और पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली का कार्य करेगी. इसमें रेखांकन , उत्पादन, आपूर्ति , स्थापन, सर्वेक्षण और शुरू करने का कार्य ब्लू स्टार के जिम्मे ही होगा. टनल के भीतर हवा का तापमान नियंत्रण करना अंडरग्राउंड मेट्रो का सबसे अहम भाग होता है.

किसी भी आपदा के समय जैसे आग और धुएं को टनल से निकालने का उचित प्रबंधन ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होता है. पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली के जरिए यात्रियों को ताजी हवा मिलना संभव हो सकेगा. आपदा के समय निकलने वाले धुएं को निकालने के लिए इस तकनीकी का उपयोग किया जाता है. अश्विनी भिडे ने कहा कि मेट्रो -3 रुट के लिए इस प्रणाली के प्रबंधन के लिए हम कटिबद्ध हैं. मेट्रो से यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं जो कि इस प्रणाली के जरिए सुरक्षित यात्रा संभव हो सकेगी.